दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 04 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 276

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पबजी पार्टनर के प्यार में 4 बच्चों संग पाक से भारत पहुंची महिला, राज खुलने पर प्रेमी संग फरार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां अपने पबजी गेम पार्टनर के साथ जिंदगी बिताने के लिए एक पाकिस्तानी महिला सरहद पार कर भारत पहुंच गई। महिला अकेली यहां नहीं पहुंची, बल्कि अपने 4 बच्चों संग नेपाल के रास्ते रबूपुरा आई। जानकारी के मुताबिक, सीमा नाम की ये महिला करीब एक महीना पहले ही यहां आ गई थी और उसके पास कोई दस्तावेज भी नहीं थे। लेकिन वो सचिन नाम के शख्स के साथ शादी कर भारत की नागरिकता हासिल करना चाहती थी। जैसे ही पुलिस को इस मामले की भनक हुई, पुलिस ने तलाश जारी कर दी। लेकिन फिर जब महिला को पता लगा तो वो अपने चारों बच्चों को लेकर सचिन के साथ फरार हो गई। अब पुलिस उस ऑटो चालक से पूछताछ में जुटी हुई है, जिसमें बैठकर महिला रफ्फूचक्कर हुई थी।

### दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के ऊपर उड़े ड्रोन से मचा हडक़ंप, एक्शन में एसपीजी और पुलिस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री के आवास के ऊपर सोमवार सुबह ड्रोन देखे जाने की खबर हैं। पीएम मोदी का आवास नो फ्लाइंग जोन और नो ड्रोन जोन के तहत आता है। ऐसे में यहां ड्रोन देखे जाने की सूचना से हडक़ंप मच गया है। घटना सुबह साढ़े 5 बजे की बताई जा रही है। पीएम मोदी की सुरक्षा में लगे स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप ने तुरंत इस मामले में पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने एक्शन में आते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू किया और ड्रोन की जांच में जुट गई। पुलिस की जांच लगातार जारी है लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है। दिल्ली पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें पीएम आवास के ऊपर नो फ्लाइंग जोन में ड्रोन उडऩे की जानकारी मिली थी। एसपीजी ने सुबह 5.30 बजे पुलिस से संपर्क किया। मामले की जांच जारी है।

### मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से तलब की स्टेटस रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में जाति हिंसा को रोकने के लिए उठाए गए कदमों, बेघरों एवं हिंसा प्रभावित लोगों के पुनर्वास शिविर, सुरक्षा बलों की तैनाती एवं प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की सुनवाई अगले सोमवार 10 जुलाई को होगी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ दो याचिकाओं पर विचार कर रही थी- एक, मणिपुर ट्राइबल फोरम दिल्ली द्वारा दायर याचिका, जिसमें भारतीय सेना द्वारा कुकी जनजाति की सुरक्षा की मांग की गई; दूसरी, मणिपुर विधानसभा की पहाड़ी क्षेत्र समिति (एचएसी) के अध्यक्ष दिंगांगलुंग गंगमेई द्वारा दायर याचिका, जिसमें मेइतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने के मणिपुर हाईकोर्ट के निर्देश को चुनौती दी गई। गौरतलब है कि मैतेई को एसटी दर्जे से जुड़े मुद्दे के कारण राज्य में दंगे भडक़ उठे थे।

# टूटे पहिए पर 35 किमी दौड़ी पवन एक्सप्रेस, यात्रियों में हड़कंप; बड़ा हादसा टला



**हाजीपुर (आरएनएस)।** बिहार के जयनगर से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली पवन एक्सप्रेस के एक बोगी का एक पहिया टूट गया। हालांकि समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया, इससे एक बड़ा हादसा रुक गया।

रविवार रात जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली पवन एक्सप्रेस की एस-11 बोगी का एक पहिये का ऊपरी हिस्सा भगवानपुर के समीप टूट गया। इससे तेज रफ्तार से दौड़ रही ट्रेन से खट-खट की आवाज आने लगी। इसके बाद यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन को रोक दिया। जांच के बाद जैसे ही पहिया टूटने का पता चला यात्रियों में हडक़ंप मच गया। इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद अधिकारियों की टीम भगवानपुर पहुंच गई। टूटे पहिए पर मुजफ्फरपुर से भगवानपुर करीब 35 किमी ट्रेन दौड़ती रही।

बताया जाता है कि पहिया एक फीट तक टूट चुका था। हालांकि कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। रविवार की देर रात मुजफ्फरपुर से एक खाली बोगी भगवानपुर ले जाया गया, जिसे पवन एक्सप्रेस में जोडक़र मुंबई के लिए रवाना किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकार वीरेंद्र कुमार ने बताया कि नया कोच मंगाकर ट्रेन को रात में गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि पहिया में खराबी कैसे आई।

### ट्रेन का डिब्बा लोड कर निकला था ट्रेलर, हो गया बड़े हादसे का शिकार

**बलरामपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में ट्रेलर में लोड ट्रेन का डिब्बा पलट गया। इसके बाद इसकी सूचना यातायात पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। यह मामला बलरामपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, जिले के हा।। 343 दलधोवा घाट में रविवार को गढ़वा की ओर ट्रेलर में लोड ट्रेन का डिब्बा पलट गया। इसके बाद इसकी सूचना यातायात पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि, इस हादसे में सभी सुरक्षित हैं, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## अब राजनीतिक पार्टियां ऑनलाइन दे सकेंगी वित्तीय ब्योरा, चुनाव आयोग ने लॉन्च किया पोर्टल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने एक एक ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की है जिसके जरिए राजनीतिक दल अब वित्तीय लेखा-जोखा अब ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में बताया कि योगदान रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक खाता और चुनाव व्यय विवरण की ऑनलाइन फाइलिंग की सुविधा के लिए एक नया वेब-पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य://द्बद्गद्वह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ/ शुरू किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी पारदर्शिता दिशानिर्देशों के अनुसार राजनीतिक दलों को वित्तीय विवरण चुनाव आयोग/राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रस्तुत करना आवश्यक है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बीते एक साल से इस पोर्टल पर काम कर रहे थे। यह पोर्टल चुनाव आयोग की 3ष्ट रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत राजनीतिक फंडिंग और खर्च में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत रखने के लिए सफाई, अवैध फंडिंग पर कार्रवाई और नियमों का अनुपालन शामिल है। बता दें कि जो राजनीतिक पार्टियां अपने वित्तीय विवरण का ब्योरा नहीं पेश करेंगी, उन्हें इसका लिखित में कारण बताना होगा। साथ ही सीडी और पैन ड्राइव के साथ तय फॉर्मेट में रिपोर्ट फाइल करनी होगी।

चुनाव आयोग सभी रिपोर्ट्स को ऑनलाइन प्रकाशित करेगा। चुनाव आयोग ने इस संबंध में सभी राजनीतिक पार्टियों को पत्र लिखा है। पोर्टल पर योगदान रिपोर्ट, ऑडिट वार्षिक रिपोर्ट और चुनाव खर्च का विवरण दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि जन प्रतिनिधि कानून, 1951 के तहत आयोग समय-समय पर राजनीतिक दलों को वित्तीय विवरण चुनाव आयोग को मुहैया कराना जरूरी है।

## पिकनिक मनाने गए पांच लोग झील में डूबे, एक दूसरे को बचाने की कोशिश की गई जान

**नागपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक झील किनारे पिकनिक मनाने गए आठ युवकों में से पांच युवक एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में झील में डूब गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब रविवार शाम करीब पांच बजे आठ युवकों का एक समूह पिकनिक मनाने के लिए जिल्पी झील के किनारे हिंगना इलाके में गया था। वहां चार युवक पानी में उतर गए, हालांकि वे तैरना नहीं जानते थे।

उन्होंने बताया कि इन युवकों ने पहले झील के किनारे पर स्नान किया। बाद में ऋषिकेष गहरे पानी में चला गया। तीन अन्य युवक भी उसके पीछे चले गए और पानी में डूबने लगे। इन लोगों को डूबता देख वैभव वैद्य उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद पड़ा। लेकिन वह भी डूब गया।



पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से सभी पांचों शवों को रात करीब 10 बजे झील से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान नागपुर के वाथोडा (पारडी क्षेत्र) निवासी ऋषिकेश परेड (21), नितिन कुंभारे (21), वैभव वैद्य (20), राहुल मेश्राम (21) और शांतनु अरमरकर (22) के रुप में की गई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## दूसरे दिन 10 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने की अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दूसरे दिन अमरनाथ यात्रा की, जबकि 4,758 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने कहा कि इस साल की दूसरी तीर्थयात्रा पर रविवार को 10,467 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए, जबकि 4,758 यात्रियों का एक और जत्था आज सुबह सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, इन 4,758 यात्रियों में से 3781 पुरुष, 727 महिलाएं, 19 बच्चे, 198 साधु और 33 साध्वियां हैं।



गौरतलब है कि इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।

समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित, हिमालय गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है, इसके बारे में भक्तों का मानना है कि यह भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

तीर्थयात्री अगर ऐतिहासिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से गुफा मंदिर जाते हैं, तो उन्हें गुफा मंदिर तक पहुंचने तक 43 किलोमीटर की चढ़ाई करनी पड़ती है।

यदि यात्री पहलगाम मार्ग का उपयोग करते हैं तो उन्हें गुफा मंदिर तक पहुंचने में 3 से 4 दिन लगते हैं।

उत्तरी कश्मीर बालटाल मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए 13 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है। बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले तीर्थयात्री 'दर्शन' के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं।

यात्रियों के लिए दोनों मार्गों पर हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध हैं।

दो आधार शिविरों के अलावा, तीर्थयात्रियों के लिए दो मुख्य पारगमन शिविर हैं, एक उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले के हरिपोरा में और दूसरा दक्षिण कुलगाम जिले के मीर बाज़ार में।

ऊंचाई पर होने वाली बीमारी के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए, अधिकारियों ने दोनों मार्गों पर स्थापित सामुदायिक रसोई में बोतलबंद कोल्ड ड्रिंक, डीप फ्राइड आइटम, हलवाई आइटम और तंबाकू उत्पादों सहित सभी जंक फूड पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## दिल्ली के लिए एयर इंडिया की उड़ान रद्द, वैंकूवर हवाई अड्डे पर कई छात्र फंसे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एयर इंडिया की 2 जुलाई को कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली उड़ान एआई 186 रद्द होने के बाद लगभग 20-25 छात्र वहां फंस गए हैं। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय (यूबीसी) के छात्रों ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उड़ान शुरू में 2 जुलाई को सुबह लगभग 10.15 बजे वैंकूवर हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली थी, लेकिन इसे दो बार रिशिड्यूल किया गया और अंतत: रद्द कर दिया गया।



छात्रों में से एक ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा, 1 जुलाई को लगभग 9 बजे हमें एयर इंडिया से एक ईमेल मिला जिसमें हमें पांच घंटे की देरी की सूचना दी गई थी, और नया प्रस्थान समय 2.45 बजे निर्धारित किया गया था। हालांकि, जब हम हवाई अड्डे पर पहुंचे तो हमें पता चला कि उड़ान में एक घंटे की अतिरिक्त देरी हो गई है। उन्होंने आगे कहा, हम अपराह्न 3.45 बजे के नए प्रस्थान समय पर बंद बोर्डिंग गेट पर इंतजार कर रहे थे। एक साथी यात्री ने हमें लगभग 3.40 बजे सूचित किया कि उड़ान रद्द कर दी गई है, और कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

छात्र, अन्य यात्रियों के साथ, बाद में एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ के पास पहुंचा। एक छात्रा ने बताया, उन्होंने (ग्राउंड स्टाफ) हमें एक ईमेल आईडी दिया और हमारा जो खर्च हुआ है उसकी प्रतिपूर्ति के लिए रसीदें हवाई अड्डे पर भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, ग्राउंड स्टाफ ने हमें यह भी आश्वासन दिया कि एयर इंडिया हमारे टिकट की लागत और अन्य खर्च वापस कर देगी। हालांकि, जब हमने लिखित पुष्टि का अनुरोध किया, तो स्टाफ ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वे केवल मौखिक आश्वासन दे सकते हैं क्योंकि कोई गारंटी नहीं है। छात्रा ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनके टिकट का पैसा वापस होगा भी या नहीं।

छात्रों ने दावा किया कि उन्होंने अपने टिकटों के पैसे वापस करने के लिए एक ईमेल भेजा था लेकिन एयर इंडिया से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उड़ान रद्द होने के परिणामस्वरूप, यूबीसी के 10 छात्रों का एक समूह, जिन्होंने पहले ही अपना किराए का आवास छोड़ दिया था, अब एक दोस्त के तीन-बेडरूम वाले घर में रह रहे हैं। छात्रों ने बताया, हममें से प्रत्येक के पास तीन बैग हैं, और हम 10 लोग इस आवास को साझा कर रहे हैं क्योंकि हमारे पास दूसरी फ्लाइट बुक करने या दूसरा घर किराए पर लेने के लिए पैसे नहीं हैं। इस रिपोर्ट के दाखिल होने तक, बार-बार कॉल और मैसेज के बावजूद एयर इंडिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

## बंगाल में चुनाव पूर्व हिंसा : हराओ बम विस्फोट में एक की मौत

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हराओ में सोमवार को एक बम विस्फोट में स्थानीय युवक परितोष मंडल की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि युवक हावड़ा के शालीपुर इलाके में एक सुनसान जगह पर कच्चे बम बना रहा था। उसके शव को बशीरहाट उपमंडल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

जांच से यह भी पता चला है कि एक अन्य व्यक्ति, जो कच्चे बम के निर्माण में मंडल की सहायता कर रहा था, भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने अभी तक घायल व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की है। पश्चिम बंगाल में त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली के चुनावों के लिए मतदान की तारीखों की घोषणा 8 जून को होने के बाद से 25 दिनों में कुल मौतों की संख्या 13 हो गई है।

दक्षिण 24 परगना जिले में सबसे अधिक चार लोगों के हताहत होने की खबर है। इसी जिले के भांगर में सबसे ज्यादा तीन लोगों के हताहत होने की खबर है। सोमवार सुबह हरोआ में हुई घटना उत्तर 24 परगना जिले में हताहत होने का पहला मामला है।

इस बीच, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता जियारुल मोल्ला के परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती जा रहे हैं, जिनकी रविवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## आईएस आतंकी मामले में ताबड़तोड़ एक्शन, यूपी और मुंबई में कई जगहों पर एनआईए की रेड; 4 हिरासत में

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) आईएस (इस्लामिक स्टेट) साजिश से संबंधित एक मामले के सिलसिले में पुलिस और खुफिया एजेंसियों की मदद से मुंबई और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। लेकिन अभी तक एनआईए ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति की पहचान जुबैर शेख के रूप में की गई है। सूत्र ने बताया कि उसके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किये गये हैं। सूत्रों ने कहा कि जुबैर को पुणे से हिरासत में लिया गया था और वह शिमोगा (कर्नाटक) मॉड्यूल से भी जुड़ा था।



मुंबई में एनआईए और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीम मुंबई और पुणे में चार स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। इनमें से एक छापेमारी वजीर कैस्केड सोसाइटी में की गई, जो कोंढवा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आती है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि छापे के बाद इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है।

सूत्र ने कहा, वे अपनी संदिग्ध गतिविधियों के कारण 2021 से हमारे रडार पर हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों और उनके घरों से डिजिटल डिवाइस सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। सूत्र ने कहा कि मॉड्यूल के एक सदस्य ताबिश (मुंबई) को हिरासत में लिया गया, जिसने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के प्रति निष्ठा की शपथ ली थी और आईएस की प्रचार पत्रिका 'वॉयस ऑफ हिंद' में लेख भी लिखा था। सूत्र ने बताया कि छापेमारी अभी भी जारी है।

## ट्रेन से कटकर युवक समेत दो की मौत

**बांदा (आरएनएस )।** ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसल जाने से युवक ट्रेन से नीचे आ गिरा। इससे उसकी कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। एक अन्य घटना में भूरागढ़ केन पुल के पास अधेड़ ने ट्रेन से कटकर खुकदुशी कर ली। पुलिस घरेलू कलह बता रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव निवासी सीताराम अहिरवार (55) पुत्र कल्लू अहिरवार सोमवार की सुबह केन नदी पुल के पास घूम रहा था। जैसे ही मालगाड़ी गुजरी, तभी उसने मालगाड़ी के आगे छलांग लगा दी। इससे उसकी कटकर मौके पर मौत हो गई।

## फेमा कानून के उल्लंघन का मामला : अनिल अंबानी से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उद्योगपति अनिल अंबानी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम से जुड़ी जांच के सिलसिले में मुंबई में ईडी के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। ईडी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक विदेशी मुद्रा कानून के कथित उल्लंघन से जुड़ी एक जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी से पूछताछ की गई है। अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज मामले में 64 वर्षीय अनिल अंबानी फेमा का बयान दर्ज किया गया है।

**2020 में भी हुए थे पेश-** इससे पहले यस बैंक के प्रवर्तक राणा कपूर और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में भी अनिल अंबानी ईडी के सामने पेश हो चुके हैं। इस दौरान अनिल अंबानी से करीब 9 घंटे तक पूछताछ हुई थी। तब बताया गया था कि अंबानी की नौ समूह कंपनियों ने यस बैंक से लगभग 12,800 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। इसी से जुड़े मामले को लेकर ईडी ने पूछताछ की थी।

**आयकर विभाग ने भी दिया है नोटिस-** बता दें कि आयकर विभाग द्वारा काला धन अधिनियम के तहत उद्योगपति अनिल अंबानी को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। इसके साथ ही जुर्माना भी लगाया गया। आयकर विभाग ने कथित रूप से दो स्विस बैंक खातों में रखे गए 814 करोड़ रुपये से अधिक के अघोषित धन पर टैक्स में 420 करोड़ रुपये की कथित चोरी के लिए नोटिस जारी किया था। हालांकि, इसके खिलाफ अनिल अंबानी ने मुंबई हाईकोर्ट का रुख किया। यह मामला कोर्ट में है।

**संकट में अनिल अंबानी-** बता दें कि रिलायंस समूह के चेयरमैन लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अनिल अंबानी की कई कंपनियां या तो बिक चुकी हैं या फिर बिक्री की प्रक्रिया में हैं।